अब तो आजा सांवरिया

श्याम की चौखट पे देखो, भक्तो ने शोर मचाया है,
अब तो आजा सांवरिया, फागुन को महीना आया है,
हो आया मौसम होली का, भक्तो के मन को भाया है,
अब तो आजा सांवरिया, फागुन को महीना आया है ॥

श्याम को रंग लगाने का अरमान जगा है होली में,
होली में नीले पिले लाल गुलाबी रंग मिलाया होली में,
रंगो में श्याम रंगीले को रंगने का मौसम आया है,
अब तो आजा सांवरिया, फागुन को महीना आया है ॥

मन भवन इस फागुन में झूम रहा जग सारा है,
हमने इन रंगो पे बाबा लिखा नाम तुम्हारा है,
बने तुम फागुन में साथी भक्तो का मन हर्षाया है,
श्याम को रंग लगाओ रे, फागुन का महीना आया है,
अब तो आजा सांवरिया, फागुन को महीना आया है ॥

अलबेली सी धूम मचा दो रंगो की बरसात में,
युगो युगो तक रह जाए ये फागुन सबकी यादो में,
हो मौसम बरसाने जैसा भक्तो ने आज बनाया है,
श्याम को रंग लगाओ रे, फागुन का महीना आया है,
अब तो आजा सांवरिया, फागुन को महीना आया है ॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23918/title/ab-to-aaja-sanwariya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |